**Q.P. Code : 00003023**

**(समय :३ घंटे)** **(कुल अंक : १००)**

**(कृपया जांचे कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है नहीं)**

**सूचना :** **१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**२. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं।**
**३. उत्तर पत्रिका में प्रश्न क्रमांक / उप प्रश्न क्रमांक संख्या अवश्य लिखिए|**

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए|** **(२७)**

**(क)** सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपगार|
लोचन अनंत उघाडिया, अनंत दिखावानहार ||

**अथवा**

कैसा रहे
बाजार न आए बीच में
और हम एक बार
चुपके से मिल आएँ चावल से
मिल आएँ नमक से
पुदीने से
कैसा रहे
एक बार... सिर्फ एक बार...

**(ख)** गीता में जो त्रिपिटक-निकाय पढ़ते हैं,
तलवार गला कर जो तकली गढ़ते हैं;
शीतल करते हैं अनल प्रबुद्ध प्रजा का,
शेरों को सिखलाते हैं धर्म अजा का|

**अथवा**

पड़ी थीं नींव तेरी चाँद-सूरज के उजाले पर,
तपस्या पर. लहू पर, आग पर, तलवार-भाले पर।
डरे तू नाउमींदी से, कभी यह हो नहीं सकता।
कि तुझ में ज्योति का अक्षय भरा भण्डार है साथी।

**(ग)** शुरू-शुरू में सब यही चाहते हैं
कि सब कुछ शुरू से शुरू हो,
लेकिन अंत तक पहुँचते-पहुँचते हिम्मत हार जाते हैं।
हमें कोई दिलचस्पी नहीं रहती
कि वह सब कैसे समाप्त होता है
जो इतनी धूमधाम से शुरू हुआ था
हमारे चाहने पर।

**अथवा**

वैसे सच तो यह है कि मेरे लिए
बाज़ार एक ऐसी जगह है।
जहाँ मैंने हमेशा पाया है।
एक ऐसा अकेलापन जैसा मुझे
बड़े-बड़े जंगलों में भी नहीं मिला,
और एक ख़ुशी
कुछ-कुछ सुकरात की तरह



X0279Y777E36X0279Y777E36X0279Y777E36X0279Y777E36

कि इतनी ढेर-सी चीज़ें
जिनकी मुझे कोई ज़रूरत नहीं!

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए |** **(३६)**

**(च)** कबीर के अनुसार जीवन में गुरु के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'नदी और साबुन' कविता की मूल संवेदना लिखिए |

**(छ)** युद्ध से लौटे सैनिक अपना स्वागत-सम्मान कराना क्यों नहीं चाहते हैं? सविस्तार लिखिए |

**अथवा**

'जनता जगी हुई है' कविता के माध्यम से कवि क्या सन्देश देना चाहता है ?

**(ज)** 'घर रहेंगे' नामक कविता का कथ्य स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'अंतिम ऊंचाई' कविता का सन्देश अपने शब्दों में लिखिए |

**प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर विस्तार में लिखिए** **(१२)**

**(ट)** सूरदास के पदों में कृष्णा का अपने भक्तों के प्रति प्रेम का चित्रण किस प्रकार किया गया है |

**अथवा**

**(ठ)** 'समर शेष है' कविता के आधार पर भारत की तत्कालीन परिस्थितियों की विवेचना कीजिए |

**अथवा**

**(ड)** 'बाज़ारों की तरफ़' कविता का उद्देश्य लिखिए |

**प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए |** **(१५)**

**(त)** सूरदास की भक्ति भावना |

**अथवा**

उदय प्रकाश की कविता 'सरकारी कोयल' |

**(थ)** 'परशुराम की प्रतीक्षा 'कविता के प्रथम खंड का उद्देश्य |

**अथवा**

'लोहे का मर्द' कविता का भाव |

**(द)** 'स्पष्टीकरण' कविता की संवेदना |

**अथवा**

'क्या वह नहीं होगा' कविता का उद्देश्य |

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(१०)**

**I)** 'बीजक' किसकी रचनाओं का संकलन है?
**II)** सूरदास किस भक्ति काव्यधारा के कवि हैं?
**III)** कनक-कनक से कवि का क्या तात्पर्य है?
**IV)** कवि किससे अनुरोध करता है?
**V)** सरकारी कोयल बिन बुलाए कहाँ जायेगी?
**VI)** 'लोहे का मर्द' नामक कविता किसकी है?
**VII)** हिमालय की बिटिया किसे कहा है?
**VIII)** हम किसके गुलाम हैं?
**IX)** कवि किन्हें नहीं मारने को कहता है?
**X)** कवि को अकेलापन कहाँ महसूस होता है?



X0279Y777E36X0279Y777E36X0279Y777E36X0279Y777E36